मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-614
09/12/2023

# अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज, हरिद्वार द्वारा आयोजित 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में शामिल हुये मुख्यमंत्री

**पटना, 09 दिसम्बर 2023 :–** मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार आज अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज, हरिद्वार द्वारा आयोजित 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में शामिल हुये। एल0सी0टी0 घाट पर आयोजित 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में शामिल मुख्यमंत्री ने सबसे पहले पूज्य गुरूदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं परम वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर आज के प्रवचन कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

आध्यात्मिक समारोह को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं आप सभी लोगों का यहॉ बहुत–बहुत अभिनंदन करता हूॅ। आप सब बहुत अच्छा कार्यक्रम कर रहे हैं। जब इसके बारे में हमें जानकारी मिली तो यहॉ आने का फैसला किया। मैं आप सभी लोगों को बधाई देता हूॅ। इस महायज्ञ में बड़ी संख्या में महिलायें मौजूद हैं। मैं आप सभी लोगों का अभिनंदन करता हूॅ। मुझे यहॉ आने का मौका मिला। आपने मुझे यहॉ आने का अवसर दिया, इसके लिये मैं आप सभी को धन्यवाद देता हूॅ।

इस अवसर पर भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, पटना नगर निगम की महापौर श्रीमती सीता साहू, बिहार राज्य नागरिक परिषद के पूर्व महासचिव श्री अरविंद कुमार उर्फ छोटू सिंह, अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज, हरिद्वार से जुड़े आचार्य एवं सदस्यगण सहित महायज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

10 दिसम्बर को पटना में होने वाली पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 26वीं बैठक के संबंध में पत्रकारों द्वारा पूछे गये सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कल की बैठक में सभी राज्यों के लोग अपनी–अपनी बात रखेंगे। पहले से ही बैठक की यह परंपरा रही है।

******